EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
"EPCH HOUSE" POCKET-6 & 7, SECTOR-C, L.S.C., VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070
Tel: 91-11-26135256 Email: mails@epch.com
Fax: 91-11-26135518, 26135519 Web: www.epch.in

PRESS RELEASE

INDIAN HANDICRAFTS EXPORTERS GENERATED BUSINESS OF MORE THAN ONE CRORE DURING "AF-L' ARTIGIANO FIERA HELD AT MILAN

New Delhi – December 13, 2013 -- In its endeavour to create brand image of Indian Handicrafts in world market, Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) participated in 18th "AF-L' Artigiano Fiera, an International crafts selling exhibition in Milan by setting up an impressive India Pavilion.

Indian handicrafts exporters generated business of more than Rupees one crore during the nine-day exposition of AF-L' Artigiano Fiera in Milan, Italy held from November 30 to December 08, 2013.

The India pavilion was inaugurated by Mr. Manish Prabhat, Consul General of Embassy of India and Mr. Antonio Intiglietta, President of Fiera.

Total 18 member exporters of the Council showcased their products such as Tableware, Home furnishing textiles, kitchenware, home décor, giftsware, interior decoration items, furniture & lighting, flower decorations, fashion jewellery, glassware, Christmas decoration etc. From India more than 200 companies participated in the show.

Master craftspersons selected by O/o Development Commissioner (Handicrafts) demonstrated their skill in Phad Painting, Wood Carving and hand made Bamboo Jewellery, informed Mr. Rakesh Kumar, Executive Director– EPCH.

AF-L'ARTIGIANO IN FIERA (AF-L') is the biggest international retail trade event dedicated to arts and crafts. AF-L' started in year 1996 is organized with a clear objective to focus on handicrafts and the handmade products with the view to Sell Directly and try out new products on the market.

India's exports of handicrafts to Italy accounts to USD 110.50 million showing a growth rate of 26.9% of the previous year. Looking at the growth rate of Indian handicrafts to Italy, it is expected that by participating in AF-L' Artigiano in Milan, will push Indian's handicrafts more and more into the Italian market, the Executive Director of EPCH further informed.

For more information, please contact :
Mr. Rakesh Kumar, Executive Director – EPCH - +91-9818272171

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय हस्तशिल्प निर्यातकों ने मिलान में आयोजित एएफ-एल आर्टिजियानो फियरा के दौरान एक करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया

नई दिल्ली- 13 दिसंबर 2013-- विश्व बाजार में भारतीय हस्तशिल्प की ब्रांड छवि बनाने के अपने प्रयास के तहत हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) ने मिलान में आयोजित 18वीं एएफ-एल आर्टिजियानो फियरा अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में एक प्रभावशाली मंडप की स्थापना की.

30 नवंबर से 08 दिसंबर 2013 के बीच मिलान में आयोजित नौ दिवसीय एएफ-एल आर्टिजियानो मेले के दौरान भारतीय हस्तशिल्प निर्यातकों ने एक करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया.

भारतीय मंडप का उद्घाटन भारतीय दूतावास के महावाणिज्यदूत श्री मनीष प्रभात और फियरा के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एंटोनियो इंटेग्लिएटा के द्वारा किया गया.

परिषद के कुल 18 सदस्य निर्यातकों ने इसमें होम फर्निशिंग कपड़े, बर्तन, गृह सज्जा, रसोई के बर्तन, उपहार सामग्री, आंतरिक सजावट के सामान, फर्नीचर और प्रकाश सज्जा, फूल सजावट, फैशन आभूषण, कांच के बर्तन, क्रिसमस के लिए सजावटी सामग्री इत्यादि के रूप में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया. भारत से 200 से अधिक कंपनियों ने इसमें भाग लिया.

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राकेश कुमार ने सूचित किया कि हस्तशिल्प विकास आयुक्त द्वारा चयनित मास्टर शिल्पियों ने यहां फाड़ चित्रकारी, लकड़ी पर नक्काशी और हस्तनिर्मित बांस आभूषणों की कला का प्रदर्शन किया.

एएफ-एल आर्टिजियानो फियरा कला और शिल्प को समर्पित सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय खुदरा व्यापार आयोजन है. इसकी शुरुआत 1996 में हुई और इसे हस्तशिल्प और हस्तनिर्मित उत्पादों को सीधे बेचने और बाजार में नए उत्पादों को उतारने के स्पष्ट उद्देश्य से आयोजित किया जाता है.

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राकेश कुमार ने कहा, 'भारत ने 26.9 प्रतिशत वृद्धि के साथ बीते वर्ष इटली को 110.5 मिलियन डॉलर का हस्तशिल्प निर्यात किया. इटली को किए गए हस्तशिल्प निर्यात में इस वृद्धि को देखते हुए यह उम्मीद की जा रही है कि एएफ-एल आर्टिजियानो फियरा में भाग लेने से इटली के बाजार में भारतीय हस्तशिल्प को अधिक से अधिक बढ़ावा मिलेगा.'

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

श्री राकेश कुमार, **कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच** - +91-9818272171

(LEFT TO RIGHT) – MR. ANTONIO INTIGLIETTA,PRESIDENT OF THE FIERA, MR. MANISH PRABHAT,CONSUL GENERAL OF INDIA IN MILAN AND MR. R.K. VERMA – DIRECTOR – EPCH DURING INAUGURATION OF INDIA PAVILION AT "AF-L' ARTIGIANO IN MILAN.

MR. MANISH PRABHAT, CONSUL GENERAL OF INDIA TO MILAN AT THE CENTRAL COTTAGE INDUSTRIES CORPORATION OF INDIA LTD. (CCIC) STAND IN THE L'ARTIGIANO IN FIERA ON 30-11-2013.